ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा।

(परीक्षा विभाग)

ज्ञापांक :– XC/12357-580/24 दिनांक : 09.07.2024

सेवा में,

1. विभागाध्यक्ष / विभागाध्यक्षा,
   सभी स्नातकोत्तर विभाग,
   ल0ना0मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा
2. प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,
   सभी अंगीभूत / संबद्ध महाविद्यालय,
   ल0ना0मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

विषय : भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय शोधपत्र लेखन प्रतियोगिता "विजन फॉर विकसित भारत " के प्रसंग में आयोजित कार्यशाला।

महोदय / महोदया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचनीय है कि भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम द्वारा शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता "विजन फॉर विकसित भारत" के प्रसंग में आगामी 19.07.2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से विश्वविद्यालय परिसर स्थित जुबली हॉल में कार्यशाला आयोजित किया जाना है।

इस प्रतियोगिता में 40 वर्ष से कम उम्र के शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र–छात्राएँ भाग ले सकते हैं। यह कार्यशाला वर्णित प्रतियोगिता में सहभागिता की तैयारी हेतु आयोजित की गयी है जिसका अनुपालान स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों एवं प्रधानाचार्यो को अनिवार्य रूप से करना है। इस कार्यशाला में विभागाध्यक्ष / प्रधानाचार्य अधिकतम 05 प्रतिभागियों की सहभागिताएं सुनिश्चित करेंगे। महाविद्यालय के प्रतिभागियों के यात्रा–भत्ता का भुगतान महाविद्यालय कोष से होगा।

"विजन फॉर विकसित भारत" शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत विवरण संलग्न कर प्रेषित है। प्रतियोगिता हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 31.07.2024 तथा शोध पत्र जमा करने की अंतिम 31.08.2024 है। विशेष जानकारी https://bsmbharat.org पर प्राप्त की जा सकती है।

कृपया इस पत्र का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

09/07/2024

संयोजक,विजन फॉर विकसित भारत

–सह–

परीक्षा नियंत्रक

9/07/24